# क्या आपको अपने यूटिलिटी बिलों का भुगतान करने में मदद चाहिए?

क्या आपका सिएटल सिटी लाइट (बिजली) या सिएटल पब्लिक यूटिलिटीज़ (पानी, सीवर, कचरा) बिल बकाया है या इनका भुगतान करने में कठिनाई हो रही है?

हम यहाँ मदद करने के लिए उपलब्ध हैं! हम अपने ग्राहकों को उनके यूटिलिटी बिलों के बारे में जानने और जागरूक रहने में सहायता करने के लिए पुनर्भुगतान विकल्प और बिल सहायता कार्यक्रम प्रदान करते हैं।

## भुगतान योजनाएँ

### सिएटल सिटी लाइट और सिएटल पब्लिक यूटिलिटीज़ भुगतान योजनाएँ

यदि आपका सिएटल सिटी लाइट (बिजली) या सिएटल पब्लिक यूटिलिटीज़ (पानी/सीवर/कचरा) का बिल बकाया है, तो हम सभी आवासीय और व्यावसायिक ग्राहकों को भुगतान योजनाएँ प्रदान करते हैं। भुगतान योजना के साथ, आप समय पर छोटी-छोटी किश्तों में अपनी शेष राशि का भुगतान कर सकते हैं।

## बिल सहायता कार्यक्रम

यदि आप आवासीय ग्राहक हैं और आय पात्रता संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, तो आप चालू और आपातकालीन बिल सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं।

## यूटिलिटी डिस्काउंट प्रोग्राम

आय के अनुसार पात्र ग्राहक सिएटल शहर के यूटिलिटी डिस्काउंट प्रोग्राम में नामांकन कर सकते हैं, जो भविष्य के सिएटल सिटी लाइट बिलों पर 60% की छूट और भविष्य के सिएटल पब्लिक यूटिलिटीज़ बिलों पर 50% की छूट प्रदान करता है।

## आपातकालीन बिल सहायता कार्यक्रम

### सिएटल सिटी लाइट

यदि आपका बिजली का बिल बकाया है और बिजली काट दिए जाने का खतरा है, तो सिएटल सिटी लाइट का आपातकालीन बिल सहायता कार्यक्रम आपकी मदद कर सकता है। आय के अनुसार पात्र ग्राहक अपनी पिछली बकाया राशि को कम करने के लिए आपातकालीन सहायता के रूप में प्रति कैलेंडर वर्ष 710 डॉलर तक प्राप्त कर सकते हैं। जिन परिवारों में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे हैं, वे प्रति कैलेंडर वर्ष 1,420 डॉलर तक की सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं।

### सिएटल पब्लिक यूटिलिटीज़

यदि आपका पानी/सीवर/कचरा बिल बकाया है और सेवा बंद होने का खतरा है, तो सिएटल पब्लिक यूटिलिटीज़ का आपातकालीन सहायता कार्यक्रम आपकी मदद कर सकता है। आय के अनुसार पात्र ग्राहक अपनी पिछली बकाया राशि को कम करने के लिए आपातकालीन सहायता के रूप में प्रति वर्ष 518 डॉलर तक प्राप्त कर सकते हैं। जिन परिवारों में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे हैं, वे प्रति कैलेंडर वर्ष 1,036 डॉलर तक के लिए पात्र हो सकते हैं।

# हमारे साथ जुड़ें

यदि आपके यूटिलिटी बिलों का भुगतान बकाया है या हर महीने भुगतान करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं, तो हम आपके साथ मिलकर भुगतान योजना तैयार कर सकते हैं और बिल सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं, ताकि आप अपनी यूटिलिटी सेवाओं को जारी रख सकें।

## हमसे ऑनलाइन संपर्क करें

भुगतान योजना सेट अप करने, बिल सहायता के लिए साइन अप करने तथा अपनी शेष राशि का भुगतान करने के लिए seattle.gov/UtilityBillHelp पर जाएँ।

## हमारी ग्राहक सेवा टीम को कॉल करें

भुगतान करने, भुगतान योजना तैयार करने के बारे में प्रतिनिधि से बात करने, या बिल सहायता कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए हमें (206) 684-3000 (सोमवार – शुक्रवार; सुबह 7:30 – शाम 6:00 बजे) पर कॉल करें। यदि आपको अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में सहायता चाहिए, तो हमारी ग्राहक सेवा टीम आपकी पसंदीदा भाषा में निःशुल्क सहायता प्रदान करेगी।

## हमारे ग्राहक सेवा केंद्रों पर जाएँ

अपने बिलों का भुगतान नकद, चेक या क्रेडिट कार्ड से करने के लिए ग्राहक सेवा केंद्र पर जाएँ।

सिएटल सिटी लाइट नॉर्थ सर्विस सेंटर
1300 N 97th Street, Seattle, WA 98103 | सोमवार-शुक्रवार; सुबह 8:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक | (206) 615-0600

सिएटल सिटी लाइट साउथ सर्विस सेंटर
3613 4th Avenue S, Seattle, WA 98134 | सोमवार-शुक्रवार; सुबह 8:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक | (206) 386-4200

बैलार्ड सर्विस सेंटर
5604 22nd Ave NW, Seattle, WA 98107 | मंगलवार-शुक्रवार; सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक | (206) 684-4060

सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट सर्विस सेंटर
464 12th Avenue, First Fl, Seattle, WA 98122 | मंगलवार-शुक्रवार; सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक | (206) 684-4767

डाउनटाउन सर्विस सेंटर
700 Fifth Avenue, Seattle, WA 98104 | सोमवार-शुक्रवार; सुबह 8:30 बजे से शाम 4 बजे तक | (206) 684-3000

लेक सिटी सर्विस सेंटर
12525 28th Ave NE, 2nd Fl, Seattle, WA 98125 | मंगलवार-शनिवार; सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक | (206) 684-7526

साउथईस्ट सर्विस सेंटर
3815 S Othello St, Suite 105, Seattle, WA 98118 | सोमवार-शनिवार; सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक | (206) 386-1931

साउथवेस्ट सर्विस सेंटर
2801 SW Thistle St, Seattle, WA 98126 | सोमवार-शुक्रवार; सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक | (206) 684-7417

यूनिवर्सिटी सर्विस सेंटर
4534 University Way NE, Seattle, WA 98105 | मंगलवार-शनिवार; सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक | (206) 684-7542